भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2330

उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालयों की स्थापना

2330. **श्री अरुण कुमार सागर:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के पिछड़े क्षेत्रों के प्रत्येक जिले में, विशेषकर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में, गरीब छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है। कवर न किए गए जिलों में नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय-विद्यालयों की स्वीकृति और खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज की तारीख तक, उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों को इस योजना के तहत कवर किया गया है और इन जिलों में 76 नवोदय विद्यालय कार्यात्मक हैं।

नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त सूचना के अनुसार, नवोदय विद्यालय के छात्रों को सीबीएसई द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या और दिशा-निर्देशों के अनुसार स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से कक्षा VI

से XII तक बुनियादी कम्प्यूटर विज्ञान (आईसीटी) पढ़ाया जाता है। सीबीएसई पाठ्यक्रम और छात्रों द्वारा अपनाए गए विकल्पों के अनुसार सभी नवोदय विद्यालय में कौशल आधारित विषय भी प्रदान किए जाते हैं। सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कोडिंग एंड कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) भी शुरू किया गया है। विभिन्न परियोजनाओं जैसे सीबीएसई के सहयोग से विश्व बैंक के साथ स्किलिंग एट स्कूल परियोजना, नविस सीबीएसई परियोजना, टाटा मोटर्स लिमिटेड के सीएसआर समर्थन और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत नवोदय विद्यालय में कौशल प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं। एमएसडीई की परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले सहित 400 नवोदय विद्यालयों में कुल 800 कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं।

*****